भारतीय खाद्य संरक्षा एवं मानक प्राधिकरण
विश्वास के प्रेरक, सुरक्षित और पोषक आहार के आश्वासक

तुरंत जारी करने के लिए

प्रेस विज्ञप्ति

आयातित खाद्य कोरोना वायरस से सुरक्षित है

नई दिल्ली, दिनांक 05 मार्च, 2020 : देश की खाद्य विनियामक संस्था, भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफ.एस.एस.ए.आई) ने सूचित किया है कि कोरोना वायरस से प्रभावित देशों से आयातित खाद्यों सहित विदेश से आयातित खाद्य मानव उपभोग के लिए सुरक्षित है।

ऐसे खाद्य पदार्थों की सुरक्षा के संबंध में प्रकट की गई चिंताओं का समाधान करने के लिए एफ.एस.एस.ए. आई ने आयातित खाद्य उत्पादों में कोरोना वायरस की मौजूदगी की संभावनाओं की जाँच के लिए विशेषज्ञों की एक समिति गठित की थी।

समिति ने अपनी रिपोर्ट में राय दी है कि अभी तक कोरोना वायरस के खाद्यजनित संक्रमण का कोई निर्णायक साक्ष्य नहीं पाया गया है। कोरोना वायरस मुख्यतः श्वसन प्रणाली को प्रभावित करता है और यह मानव से मानव में छींकने और खाँसने से पड़ी बूँदों तथा संदूषित हाथों एवं सतहों से फैलता है। समिति ने वैश्विक संगठनों की इन परामर्शिकाओं से सहमति प्रकट की कि कोरोना वायरस के संक्रमण का मुख्य रास्ता मानव से मानव प्रतीत होता है। उसने यह भी स्पष्टीकरण जारी किया कि कुक्कुट सहित पका हुआ मांस खाने में सुरक्षित है।

सावधानी के रूप में समिति ने कच्चे मांस का सेवन न करने के साथ–साथ अप्रसंस्कृत खाद्य उत्पादों का सेवन न करने का परामर्श दिया। प्रशीतित उत्पादों का सेवन उन्हें अच्छी तरह पकाकर ही किया जाए। कच्चे फलों और सब्जियों के सेवन से पहले अच्छी स्वच्छता रीतियों का पालन किया जाए।

एफ.एस.एस.ए.आई स्थिति पर निकट से नजर रखे हुए है। यह कोरोना वायरस बीमारी पैदा करने वाले ऐसे किसी संक्रमण के बारे में अंतर्राष्ट्रीय एजेंसियों और वैज्ञानिक समुदायों से जानकारी प्राप्त करना और साक्ष्यों को मॉनिटर करना जारी रखेगी तथा खाद्य उत्पादों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए उचित कदम उठाएगी।

मीडिया पूछताछ के लिए संपर्क करें :

रुचिका शर्मा
भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण
ई–मेल : sharmaruchika.21@gmail.com